Regarding Kisan Credit Card

श्री राहुल कस्वां (चुरू): महोदय, मैं आपके मार्फत कृषि मंत्रालय और वित्त मंत्रालय का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना के तहत तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड दिया गया, उससे किसानों को बहुत फायदा मिला। पहले किसान बाजार से जो पैसा लेते थे, उसका ब्याज बहुत ज्यादा होता था लेकिन हाल ही में प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के आने के बाद से मेरे लोक सभा क्षेत्र के किसानों को बहुत फायदा पहुंचा है।

HON. CHAIRPERSON: You put the demand.

श्री राहुल कस्वां (चुरू): महोदय, मेरी डिमांड है कि साल में एक-दो बार बैंकों में पैसा जमा करने के बाद, बैंक चार्जेज टीसीएस, टीडीएस के नाम पर पैसा काटता है, जिससे किसानों को बहुत लॉस होता है। किसान जब इनकम टैक्स भरता है, तो इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है। मैं कहना चाहता हूं कि टीसीएस, टीडीएस को केसीसी के खातों में बंद करना चाहिए।